राजभाषा अधिनियम के उपबन्धों का कार्यान्वयन

244. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह पता लगाने के लिए कभी कोई प्रयास किया गया है कि राजभाषा अधिनियम के उपबन्धों और हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के वार्षिक कार्यक्रम का शत प्रतिशत कार्यान्वयन अभी तक क्यों नहीं किया गया है;

(ख) राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष और सदस्यों तथा हिन्दी अनुभाग की फाइलों को छोड़कर ऐसी फाइलों की संख्या कितनी है जिनमें राजभाषा में, अर्थात् हिन्दी में काम किया जा रहा है;

(ग) मंत्रालय के अधीन सरकारी क्षेत्र के कितने उपक्रम काम कर रहे हैं और प्रत्येक उपक्रम में राजभाषा से संबंधित कार्य के बारे में क्या स्थिति है; और

(घ) मंत्रालय में हिन्दी, अंग्रेजी, और द्विभाषी कम्प्यूटरों, टेलेक्स, टेली-प्रिंटरों आदि की संख्या कितनी है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा नागर विमानन मंत्री (श्री मोती लाल वोरा) : (क) इस प्रकार का मूल्यांकन राजभाषा कार्यान्वयन समिति और हिन्दी सलाहकार समिति की बैठकों में किया जाता है।

(ख) राजभाषा नियम 1976 के नियम 8(4) के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट विषयों से संबंधित 43 फाइलों के अलावा जो कि केवल हिन्दी में ही हैं, मंत्रालय में कई अन्य फाइलें हैं जिनमें अंग्रेजी के अतिरिक्त हिन्दी का भी प्रयोग किया जाता है।

(ग) सात : राजभाषा अधिनियम, 1963 और राजभाषा नियम, 1976 के उपबंध इन सभी उपक्रमों में भी कार्यान्वित किये जाते हैं।

(घ) सात द्विभाषिक कम्प्यूटर और एक टैलेक्स अंग्रेजी में।

राजभाषा अधिनियम के उपबन्धों का कार्यान्वयन

245. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह पता लगाने के लिए कभी कोई प्रयास किया गया है कि राजभाषा अधिनियम के उपबन्धों और हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के वार्षिक कार्यक्रम का शत प्रतिशत कार्यान्वयन अभी तक क्यों नहीं किया गया है;

(ख) राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष और सदस्यों तथा हिन्दी अनुभाग की फाइलों को छोड़कर ऐसी फाइलों की संख्या कितनी है जिनमें राजभाषा में, अर्थात् हिन्दी में काम किया जा रहा है;

(ग) मंत्रालय के अधीन सरकारी क्षेत्र के कितने उपक्रम काम कर रहे हैं और प्रत्येक उपक्रम में राजभाषा से संबंधित कार्य के बारे में क्या स्थिति है; और

(घ) मंत्रालय में हिन्दी, अंग्रेजी और द्विभाषी कम्प्यूटरों, टेलेक्सों, टेलीप्रिंटरों आदि की संख्या कितनी है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) और (ख) राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित सूचना एकत्र करके उस विभाग को हर तिमाही में भेजी जाती है। हिन्दी वाली फाइलों के बारे में कोई अलग रिकार्ड नहीं रखा जाता क्योंकि ऐसी बहुत सी फाइलें होती हैं जिनमें हिन्दी और अंग्रेजी दोनों का प्रयोग होता है।

(ग) इस मंत्रालय के अधीन तीन सरकारी उपक्रम हैं और उनमें राजभाषा के प्रयोग की स्थिति सामान्यतया सन्तोषजनक है।